
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

जयंती विशेष

**28 सितंबर 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हमें अपने जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए लगातार कर्म करते रहना चाहिए एक ना एक दिन हमें सफलता जरुर मिलेगी।



**लता मंगेशकर**

**( सुप्रसिद्ध गायिका )**

**जन्म: 28 सितंबर 1929 मृत्यु: 06 फरवरी 2022**

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 28 सितम्बर

1. **भगत सिंह का जन्म–** भगत सिंह भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने अदम्य साहस के साथ ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। पहले लाहौर में साण्डर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली के केन्द्रीय संसद (सेन्ट्रल एसेम्बली) में बम–विस्फोट करके ब्रिटिश सरकार की नींद उड़ा दी थी। उनका जन्म 28 सितम्बर, 1907 ई. को पंजाब प्रांत में हुआ था।

2. **लता मंगेशकर का जन्म–** 'स्वर साम्राज्ञी' लता मंगेशकर का जन्म 28 सितम्बर, 1929 ई. को इन्दौर में हुआ था। उन्होंने भारतीय फिल्म जगत को गायिकी के क्षेत्र में लगभग 6 दशक तक सेवा प्रदान किये हैं। भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण (1999) और भारत रत्न (2001) से भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावे दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, स्पेशल लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। खुद उनके नाम पर सम्मान में मध्यप्रदेश शासन द्वारा पार्श्व गायक/गायिका अथवा संगीतज्ञ को 'लता मंगेशकर पुरस्कार' प्रदान किया जाता है।

3. **विश्व रेबीज दिवस–** विश्व रेबीज दिवस रेबीज की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस फ्रांस के प्रसिद्ध रसायनज्ञ लुई पाश्चर के पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने पहला रेबीज टीका विकसित किया। रेबीज एक विषाणु जनित रोग है जो कुत्तों के काटने के कारण होता है। ये वायरस कुत्तों के काटने, खरोंच, लार के द्वारा से मनुष्यों में आ जाता है।





S a t u r d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया

# विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर




"विश्व रेबीज दिवस" प्रतिवर्ष 28 सितंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस मनुष्य और जानवरों पर रेबीज के प्रभाव के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए, बीमारी की रोकथाम और नियंत्रित करने की प्रयासों के बारे में जानकारी और सलाह प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन फ्रांसीसी रसायनज्ञ और माइक्रोबायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि का भी प्रतीक है। जिन्होंने पहले रेबीज वैक्सीन विकसित किया था। यह एक ऐसा वायरल इंफेक्शन है, जो आमतौर पर संक्रमित जानवरों के काटने से फैलता है। कुत्ते, बिल्ली, बंदर आदि कई जानवरों के काटने से इस बीमारी के वायरस व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। यह वाइरस कई बार पालतू जानवर के चाटने या खून का जानवर के लार से सीधे संपर्क में आने से फैल जाता है। यह एक जानलेवा रोग है। इसके लक्षण बहुत देर में नजर आते हैं अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा साबित हो जाता है।

जयंती विशेष 28 सितंबर

राकेश कुमार




**भगत सिंह** (जन्म: 28 सितम्बर 1907 वीरगति: 23 मार्च 1931) भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया। पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 28.09.2024

## वैदिक शिक्षा प्रणाली

वैदिक काल में प्रारम्भिक स्तर पर भाषा और व्यवहार की शिक्षा प्राय: इसी विधि से दी जाती थी। उच्च स्तर पर भी इसका प्रयोग होता था- गुरू शिष्यों के सम्मुख वेद मन्त्रों का उच्चारण करते थे, शिष्य उनका अनुकरण करते थे, उन्हें बार-बार उच्चारित करते थे और इस प्रकार उन्हें कण्ठस्थ करते थे।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



नीदरलैंड में तारे के आकार का एक गांव है, जिसे 1593 में एक सैन्य किले के रूप में बनाया गया था। आज यह एक जीवित संग्रहालय के रूप में सुरक्षित है, जहाँ पर्यटक तारे के आकार की खाई के पास चल सकते हैं और इसके दिलचस्प घरों और पुराने किलों को देख सकते हैं।

TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## शतरंज



## भारतीय चेस के माइलस्टोन



### 1956
भारत ने पहली बार चेस ओलिंपियाड में हिस्सा लिया। आयोजन मॉस्को में हुआ था।

### 1961
भारतीय खिलाड़ी ने इंटरनेशनल मास्टर की उपाधि प्राप्त की। मैनुअल एरोन भारत के पहले इंटरनेशनल मास्टर बने।

### 1988
भारतीय खिलाड़ी ने ग्रैंड मास्टर की उपाधि प्राप्त की। विश्वनाथन आनंद भारत के पहले ग्रैंड मास्टर बने।

### 2000
विश्वनाथन आनंद पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बने। उन्होंने FIDE वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता।

### 2001
भारतीय महिला ने ग्रैंड मास्टर की उपाधि हासिल की। सुब्बारमन विजयलक्ष्मी भारत की पहली महिला ग्रैंड मास्टर बनीं।

### 2012
भारत में पहली बार ब्लाइंड चेस ओलिंपियाड का आयोजन किया गया। यह आयोजन चेन्नई में हुआ।

### 2015
इंडियन प्लेयर ने सीनियर एशियन चैंपियनशिप जीती। वजीर अहमद खान 65+ की उम्र में चैंपियन बने।

### 2018
डी गुकेश 12 साल की उम्र में ग्रैंड मास्टर बने। वे यंगेस्ट इंडियन ग्रैंड मास्टर हैं।

### 2022
भारत ने पहली बार चेस ओलिंपियाड की मेजबानी की। आयोजन चेन्नई में हुआ।

### 2024
भारत ने चेस ओलिंपियाड में पहली बार ओपन और विमेंस कैटेगरी में गोल्ड जीता।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

28 सितंबर

भारत के पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

# ब्रजेश मिश्र

की पुण्यतिथि पर नमन।



29 सितंबर 1928 - 28 सितंबर 2012

Madhu priya

www.teachersofbihar.org




/teachersofbihar

Madhu priya

28 सितंबर



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी

शहीद - ए - आजम

# भगत सिंह

की जयंती पर उन्हें सादर नमन

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी

28 सितंबर




## स्वर कोकिला

"भारत रत्न"

# लता मंगेशकर

की जयंती पर उन्हें सादर नमन

28 सितंबर 1929 - 6 फरवरी 2022

Punita Kumari

www.teachersofbihar.org

28 सितंबर

भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी

# शहीद भगत सिंह

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।



28 सितम्बर 1907 - 23 मार्च 1931

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

HAPPY BIRTHDAY

28 सितम्बर 1982

व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले
पहले भारतीय खिलाड़ी

# अभिनव बिंद्रा

के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



Madhu priya

www.teachersofbihar.org

# शैक्षिक पोस्ट नियमावली- 4

## सभी शिक्षकों से विनम्र निवेदन

**अपने पोस्ट के मीडिया कंटेंट (फोटो/वीडियो) के उपर कोई टेक्स्ट, लोगो या स्टीकर ना डालें। इस से मीडिया कंटेंट स्पष्ट रहेगा तथा आपके कार्यों/प्रयासों को हम बेहतर शीर्षक/विवरण के साथ संपादित कर प्रचारित कर सकेंगे।**

**आपका सहयोग अपेक्षित है।**

**धन्यवाद**

**टीम टीचर्स ऑफ़ बिहार**

www.teachersofbihar.org